हमें खाटू धाम बुला ले श्याम भजन लिरिक्स

हर पल बाबा याद तुम्हारी आती है,
याद तुम्हारी खाटू धाम बुलाती है,
हम तो हैं बस विनती करने वाले,
अब तो रहा जाए ना,
ओ लीले घोड़े वाले,
हमें खाटू धाम बुला ले,
ओ लीले घोड़े वाले,
हमें खाटु धाम बुला ले।bd।

तर्ज – हारे हारे हारे।

अखियाँ तुम्हे देखन को तरसे,
याद तुम्हारी में टिप टिप ये बरसे,
मन भर रहा है अपना फिकर से,
आये तो आएं हम किस डगर से,
तुम्ही दिखा दो हमें रास्ते,
ओ लीले घोड़े वाले,
हमें खाटु धाम बुला ले।bd।

हम तो हैं अब सपने ये बुनते,
देखे हमें कब अपनों में चुनते,
इतना यकीन इतना है भरोसा,
हारे हुओ की जल्दी हो सुनते,
अब तो बुला लो हमें सांवरे,
ओ लीले घोड़े वाले,
हमें खाटु धाम बुला ले।bd।

हर पल बाबा याद तुम्हारी आती है,
याद तुम्हारी खाटू धाम बुलाती है,
हम तो हैं बस विनती करने वाले,
अब तो रहा जाए ना,
ओ लीले घोड़े वाले,
हमें खाटू धाम बुला ले,
ओ लीले घोड़े वाले,
हमें खाटु धाम बुला ले।bd।

Singer & Writer – Tinka Soni

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो विभिन्न प्लेटफॉर्म पर अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com